उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग

विज्ञापन सं० डी–1/ई–1/2024

संक्षिप्त विज्ञापन

सर्व साधारण को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 शासन के अधीन निम्नलिखित पदों पर चयन हेतु **"O.T.R. (One Time Registration) आधारित ऑनलाइन आवेदन"** करने हेतु विस्तृत विज्ञापन आयोग की वेबसाइट **https://uppsc.up.nic.in** पर दिनांक **15.03.2024** से उपलब्ध है।

इच्छुक अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वह आयोग की उक्त वेबसाइट पर जाकर विस्तृत विज्ञापन तथा **"O.T.R. आधारित ऑनलाइन आवेदन"** हेतु दिये गये निर्देशों का सूक्ष्मता एवं गहनता से अवलोकन/अध्ययन कर लें और जिस पद के लिये उनकी अर्हता हो, उसके लिये वेबसाइट पर उपलब्ध निर्देशों के अनुसार आवेदन करें।

यह स्पष्ट किया जाता है कि इन पदों के लिए केवल **"O.T.R. आधारित ऑनलाइन आवेदन"** ही स्वीकार किये जायेंगे। अन्य किसी माध्यम से प्रेषित आवेदन स्वीकार नहीं होंगे।

आवेदन हेतु निर्धारित शुल्क जमा करने के लिए भी वेबसाइट पर उपलब्ध निर्देशों के अनुसार कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।

ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि : 15.03.2024
ऑनलाइन आवेदन शुल्क बैंक में जमा करने की अन्तिम तिथि : 12.04.2024
ऑनलाइन आवेदन स्वीकार (SUBMIT) किये जाने की अन्तिम तिथि : 16.04.2024
ऑनलाइन सबमिट आवेदन में सुधार/संशोधन की अन्तिम तिथि : 23.04.2024
ऑनलाइन आवेदन में किये गये दावों के समर्थन में समस्त शैक्षिक/वांछित अभिलेखों की स्व–प्रमाणित छायाप्रतियाँ संलग्न कर आवेदन पत्र की हार्डकापी जमा किये जाने की अन्तिम तिथि : 30.04.2024

पदों का विवरण निम्नवत् है :–

(1) चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ0प्र0 (एलोपैथी) के अन्तर्गत चिकित्सा अधिकारी ग्रेड–2, (स्तर–2) (2532–पद) **(2) मद्यनिषेध विभाग** (समाज कल्याण), **उ0प्र0 के अन्तर्गत** क्षेत्रीय मद्यनिषेध एवं समाजोत्थान अधिकारी (01–पद, अनारक्षित) **(3) चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग, उ0प्र0 के अन्तर्गत** सम्भागीय विख्यापन अधिकारी (01–पद, अनुसूचित जाति) **(4) उ0प्र0 पर्यटन निदेशालय के अन्तर्गत** क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी/प्रचार अधिकारी (01–पद, अनुसूचित जाति)

ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थियों को एकल अवसरीय पंजीकरण (O.T.R.) कर O.T.R. नम्बर प्राप्त करना अनिवार्य है।

SarkariResult.com